**दिनांक : 08/07/2026** **समय :7.10 एएम**

**प्रादेशिक समाचार एकांश**

**आकाशवाणी, भोपाल**

**प्रातःकालीन समाचार**

मुख्य समाचार:-

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इंडोनेशियाई संसद के संयुक्त सत्र को किया संबोधित।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज धार जिले के पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र में करेंगे भूमिपूजन।
- प्रदेष में मानसूनी बारिष का सिलसिला जारी, आज कइ जिलों में भारी बारिष की चेतावनी।
- टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में इंग्लैंड ने भारत को 125 रनों से हराया।

अब समाचार विस्तार सेः-

प्रधानमंत्री इंडोनेषिया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल इंडोनेशियाई संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए दोनों देशों के हजारों वर्ष पुराने सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और समुद्री संबंधों को रेखांकित किया। श्री मोदी ने द्विपक्षीय साझेदारी के लिए ’गंगा-महाकाम विजन’ की प्रस्तुत करते हुए कहा कि इस विजन के पांच प्रमुख स्तंभ सभ्यतागत जुड़ाव, साझा विकास, सुरक्षा, समुद्री समृद्धि और ग्लोबल साउथ की मजबूत आवाज हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और इंडोनेशिया तीसरा सबसे बड़ा लोकतंत्र है, और दोनों का अनुभव वैश्विक स्तर पर प्रेरणास्रोत है। उन्होंने इंडोनेशिया के ’एमास 2045’ विजन और भारत के ’विकसित भारत 2047’ संकल्प को एक-दूसरे का पूरक बताया। प्रधानमंत्री ने दोनों देशों के बीच स्पेस टेक्नोलॉजी, सैटेलाइट लॉन्च, समुद्री सुरक्षा और डिजिटल क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया। पीएम मोदी ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार की वकालत की और ब्रिक्स में इंडोनेशिया की सदस्यता का

स्वागत करते हुए कहा कि दोनों देश मिलकर ग्लोबल साउथ और भारत-प्रशांत क्षेत्र को एक नई दिशा देंगे।

## दिल्ली-प्रदेश समझौता

देश में सहकारी संघवाद को मजबूत करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और जलशक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल की गरिमामयी उपस्थिति में दशकों पुराने नर्मदा जल विवाद का कल सौहार्दपूर्ण समाधान हो गया है। नई दिल्ली में आयोजित एक उच्च स्तरीय बैठक में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने ऐतिहासिक समझौते पर हस्ताक्षर किए। यह समझौता सरदार सरोवर परियोजना की निर्माण लागत साझा करने से जुड़े लंबित भुगतानों का वन-टाइम सेटलमेंट (एकमुश्त निपटान) करता है। गृह मंत्री शाह ने इसे जल सुरक्षा की दिशा में मील का पत्थर बताते हुए कहा कि डबल इंजन सरकार के कारण राज्यों में आपसी समझ बढ़ी है, जिससे राष्ट्रीय नुकसान को रोका जा सका है। इससे पहले अपने दिल्ली दौरे के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कल रक्षा, रेल और कृषि मंत्रियों से भी मुलाकात कर राज्य के विकास पर चर्चा की।

## सीएम धार

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज धार जिले के पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र में बहुराष्ट्रीय कंपनी 'लियुगोंग इंडिया' के नए विनिर्माण संयंत्र का भूमि-पूजन करेंगे। चीन की प्रमुख निर्माण उपकरण निर्माता कंपनी की भारतीय इकाई द्वारा 20 एकड़ क्षेत्र में विकसित किए जा रहे इस नए संयंत्र में ₹272 करोड़ का निवेश किया जा रहा है। प्रारंभिक चरण में यहाँ प्रतिवर्ष 6,500 निर्माण उपकरणों (मुख्य रूप से एक्सकेवेटर) का उत्पादन होगा, जिससे आयात पर निर्भरता कम होगी और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। बता दें कि लियुगोंग वर्ष 2008 से पीथमपुर में कार्यरत है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में यह विस्तार मध्यप्रदेश को देश का प्रमुख औद्योगिक निवेश और विनिर्माण केंद्र बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

एमएसएमई रिपोर्ट

आपातकालीन ऋण गारंटी योजना के पाचवें चरण के अंर्तगत चार लाख से अधिक गारंटियां जारी की जा चुकी हैं और गारंटीकृत राशि एक लाख पचपन हजार करोड़ रुपये से अधिक हो गई है। हमारी संवाददाता ने बताया है कि इस वर्ष मई में शुरू की गई इस योजना से सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम एमएसएमई सबसे अधिक लाभान्वित हुए हैं। रिपोर्ट- जया भारती

सब-इंस्पेक्टर और सूबेदार

प्रदेश पुलिस में सब-इंस्पेक्टर (एसआई) और सूबेदार के पदों पर भर्ती का इंतजार खत्म हो गया है। विभाग द्वारा कुल 500 पदों के लिए नोटिफिकेशन जारी किया गया था, जिसमें से योग्यता के आधार पर 436 उम्मीदवारों को अंतिम रूप से चुन लिया गया है। इस प्रतिष्ठित परीक्षा में संजय परमार ने टॉप कर पहला स्थान हासिल किया है। इस बड़ी कामयाबी और भर्ती प्रक्रिया के पूरा होने पर डीजीपी कैलाश मकवाना ने गहरी खुशी जताई। उन्होंने सिलेक्ट हुए सभी अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए कल के दिन को विभाग के लिए श्असीम संतुष्टि का दिनश् करार दिया। डीजीपी कैलाश मकवाना के अनुसार, पूरे 8 वर्ष बाद मध्य प्रदेश में सब-इंस्पेक्टरों की यह बड़ी भर्ती हुई है।

प्रदेश मौसम

प्रदेष में मानसूनी बारिष का सिलसिला चल रहा है। कई जगहों पर खूब पानी बरस रहा है तो कुछ स्थानों में पानी की कमी बनी हुई है। पिछले 24 घंटों में भोपाल, नर्मदापुरम, उज्जैन, जबलपुर और सागर सहित अधिकांश संभागों में झमाझम बारिश दर्ज की गई है। झाबुआ जिले में मानसून की सक्रियता से झमाझम बारिश का दौर जारी है, जिससे किसानों के चेहरे खिल गए हैं। इधर मंडला जिले में'' लगातार हो रही बारिश को देखते हुए कलेक्टर राहुल धोटे ने नर्मदा घाटों और शहर के जलभराव वाले इलाकों का औचक निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने के निर्देश दिए हैं। खंडवा जिले में कलेक्ट्रेट परिसर में 24 घंटे सक्रिय रहने वाला जिला स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है, जिसका हेल्पलाइन नंबर शून्य-सात-तीन-तीन, दो-दो-दो-चार-एक-तीन-पांच

जारी किया गया है। वहीं गुना जिले में 1 जून से कल तक कुल 232.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। आज बड़वानी, धार, गुना, सागर, विदिशा, रायसेन, सीहोर, राजगढ़ सहित कुछ जिलों में अति भारी बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी करके नागरिकों को सतर्क रहने को कहा है।

टी-20 क्रिकेट-नतीजा

कल रात नॉटिंघम के ट्रेंट ब्रिज में खेले गए तीसरे टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में इंग्लैंड ने भारत को 125 रनों से हरा दिया है। बता दें कि शनिवार को मैनचेस्टर में खेले गए दूसरे टी 20 मैच में इंग्लैंड ने भारत को 4 विकेट से हराया था। दोनों टीमों के बीच पहला टी 20 मैच बारिश की वजह से बिना किसी नतीजे के खत्म हुआ था। सीरीज के आखिरी दो मैच ब्रिस्टल और साउथेम्प्टन में खेले जाएंगे। इसके बाद, भारत तीन मैचों की वनडे सीरीज में इंग्लैंड का सामना करेगा।

अब कुछ समाचार संक्षेप में...

1. रायसेन जिले में आधुनिक सुविधाओं से लैस सांची के नवनिर्मित रेलवे स्टेशन का 11 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भव्य उद्घाटन करेंगे।
2. खंडवा जिले में सेफ क्लिक 2.0 अभियान के तहत मैराथन और साइबर रन का आयोजन कर नागरिकों को ऑनलाइन धोखाधड़ी और सुरक्षा ऐप के प्रति जागरूक किया गया।
3. आगरमालवा जिले में आगामी सिंहस्थ महापर्व को देखते हुए कलेक्टर ने उद्यानिकी विभाग को अधिक से अधिक किसानों को फूलों की खेती के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए।
4. डिंडौरी जिले में युवाओं और नए उद्यमियों को बढ़ावा देने के लिए आज एक दिवसीय तेजस कार्यशाला का आयोजन कर स्टार्टअप इकोसिस्टम और फंडिंग पर मार्गदर्शन दिया जाएगा।

5. इंदौर जिले में आयोजित भव्य रोजगार मेले में 12 प्रतिष्ठित निजी कंपनियों द्वारा 300 युवाओं को विभिन्न पदों पर नौकरी के लिए चयनित कर रोजगार का तोहफा दिया।

6. मंडला जिले में एमएसएमई उद्यमियों की क्षमता बढ़ाने के लिए दो दिवसीय कंपोजिट वर्कशॉप का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें सरकारी योजनाओं और डिजिटल कॉमर्स पर लाइव सेवाएं मिलेंगी।

7. भोपाल जिले में नगर निगम ने जिला प्रशासन के सहयोग से बड़ी कार्रवाई करते हुए शहर के विभिन्न क्षेत्रों से अवैध अतिक्रमण हटाए और 5 जर्जर मकानों को जमींदोज किया।

8. सिंगरौली जिले में बलिया नाला में कोयला युक्त दूषित पानी बहाने पर कलेक्टर के निर्देश पर बड़ी कार्रवाई करते हुए खदान प्रबंधन पर 63 लाख का जुर्माना लगाया गया।

9. गुना जिले में समर्थन मूल्य पर ग्रीष्मकालीन मूंग और उड़द खरीदी के लिए चार उपार्जन केंद्र बनाए गए हैं, जहां नोडल अधिकारियों की निगरानी में पारदर्शी व्यवस्था रहेगी।

-------------

**न्यूज फॉर हिन्दी वैब -**

(1) दिल्ली-प्रदेश समझौता

देश में सहकारी संघवाद को मजबूत करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और जलशक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल की गरिमामयी उपस्थिति में दशकों पुराने नर्मदा जल विवाद का कल सौहार्दपूर्ण समाधान हो गया है। नई दिल्ली में आयोजित एक उच्च स्तरीय बैठक में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने ऐतिहासिक समझौते पर हस्ताक्षर किए। यह समझौता सरदार सरोवर परियोजना की निर्माण लागत साझा करने से जुड़े लंबित भुगतानों का वन-टाइम सेटलमेंट (एकमुश्त निपटान) करता है। गृह मंत्री शाह ने इसे जल सुरक्षा की दिशा में मील का पत्थर बताते हुए कहा कि डबल इंजन सरकार के कारण राज्यों में आपसी समझ बढ़ी है, जिससे राष्ट्रीय नुकसान को रोका जा सका है। इससे पहले अपने दिल्ली

दौरे के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कल रक्षा, रेल और कृषि मंत्रियों से भी मुलाकात कर राज्य के विकास पर चर्चा की।

(2) मुख्यमंत्री-धार

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज धार जिले के पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र में बहुराष्ट्रीय कंपनी 'लियुगोंग इंडिया' के नए विनिर्माण संयंत्र का भूमि-पूजन करेंगे। चीन की प्रमुख निर्माण उपकरण निर्माता कंपनी की भारतीय इकाई द्वारा 20 एकड़ क्षेत्र में विकसित किए जा रहे इस नए संयंत्र में ₹272 करोड़ का निवेश किया जा रहा है। प्रारंभिक चरण में यहाँ प्रतिवर्ष 6,500 निर्माण उपकरणों (मुख्य रूप से एक्सकेवेटर) का उत्पादन होगा, जिससे आयात पर निर्भरता कम होगी और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। बता दें कि लियुगोंग वर्ष 2008 से पीथमपुर में कार्यरत है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में यह विस्तार मध्यप्रदेश को देश का प्रमुख औद्योगिक निवेश और विनिर्माण केंद्र बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

(3) सब-इंस्पेक्टर और सूबेदार- भर्ती

मध्य प्रदेश पुलिस में सब-इंस्पेक्टर (एसआई) और सूबेदार के पदों पर भर्ती का इंतजार खत्म हो गया है। विभाग द्वारा कुल 500 पदों के लिए नोटिफिकेशन जारी किया गया था, जिसमें से योग्यता के आधार पर 436 उम्मीदवारों को अंतिम रूप से चुन लिया गया है। इस प्रतिष्ठित परीक्षा में संजय परमार ने टॉप कर पहला स्थान हासिल किया है। इस बड़ी कामयाबी और भर्ती प्रक्रिया के पूरा होने पर डीजीपी कैलाश मकवाना ने गहरी खुशी जताई। उन्होंने सिलेक्ट हुए सभी अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए कल के दिन को विभाग के लिए श्असीम संतुष्टि का दिनश् करार दिया। डीजीपी कैलाश मकवाना के अनुसार, पूरे 8 वर्ष बाद मध्य प्रदेश में सब-इंस्पेक्टरों की यह बड़ी भर्ती हुई है।

----------------

**प्रादेशिक समाचार एकांश**

**आकाशवाणी, भोपाल**

**<u>प्रातःकालीन समाचार</u>**

**सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार :–**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इंडोनेशियाई संसद के संयुक्त सत्र को किया संबोधित।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज धार जिले के पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र में करेंगे भूमिपूजन।
- प्रदेष में मानसूनी बारिष का सिलसिला जारी, आज कइ जिलों में भारी बारिष की चेतावनी।
- टी–20 अंतरराष्ट्रीय मैच में इंग्लैंड ने भारत को 125 रनों से हराया।

**अब समाचार विस्तार से:–**

**<u>प्रधानमंत्री इंडोनेशिया</u>**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल इंडोनेशियाई संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए दोनों देशों के हजारों वर्ष पुराने सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और समुद्री संबंधों को रेखांकित किया। श्री मोदी ने द्विपक्षीय साझेदारी के लिए 'गंगा–महाकाम विजन' की प्रस्तुत करते हुए कहा कि इस विजन के पांच प्रमुख स्तंभ सभ्यतागत जुड़ाव, साझा विकास, सुरक्षा, समुद्री समृद्धि और ग्लोबल साउथ की मजबूत आवाज हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और इंडोनेशिया तीसरा सबसे बड़ा लोकतंत्र है, और दोनों का अनुभव वैश्विक स्तर पर प्रेरणास्रोत है। उन्होंने इंडोनेशिया के 'एमास 2045'

विजन और भारत के 'विकसित भारत 2047' संकल्प को एक–दूसरे का पूरक बताया। प्रधानमंत्री ने दोनों देशों के बीच स्पेस टेक्नोलॉजी, सैटेलाइट लॉन्च, समुद्री सुरक्षा और डिजिटल क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया। पीएम मोदी ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार की वकालत की और ब्रिक्स में इंडोनेशिया की सदस्यता का स्वागत करते हुए कहा कि दोनों देश मिलकर ग्लोबल साउथ और भारत–प्रशांत क्षेत्र को एक नई दिशा देंगे।

## दिल्ली प्रदेश समझौता

देश में सहकारी संघवाद को मजबूत करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और जलशक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल की गरिमामयी उपस्थिति में दशकों पुराने नर्मदा जल विवाद का कल सौहार्दपूर्ण समाधान हो गया है। नई दिल्ली में आयोजित एक उच्च स्तरीय बैठक में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने ऐतिहासिक समझौते पर हस्ताक्षर किए। यह समझौता सरदार सरोवर परियोजना की निर्माण लागत साझा करने से जुड़े लंबित भुगतानों का वन–टाइम सेटलमेंट (एकमुश्त निपटान) करता है। गृह मंत्री शाह ने इसे जल सुरक्षा की दिशा में मील का पत्थर बताते हुए कहा कि डबल इंजन सरकार के कारण राज्यों में आपसी समझ बढ़ी है, जिससे राष्ट्रीय नुकसान को रोका जा सका है। इससे पहले

अपने दिल्ली दौरे के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कल रक्षा, रेल और कृषि मंत्रियों से भी मुलाकात कर राज्य के विकास पर चर्चा की।

## सीएम धार

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज धार जिले के पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र में बहुराष्ट्रीय कंपनी 'लियुगोंग इंडिया' के नए विनिर्माण संयंत्र का भूमि–पूजन करेंगे। चीन की प्रमुख निर्माण उपकरण निर्माता कंपनी की भारतीय इकाई द्वारा 20 एकड़ क्षेत्र में विकसित किए जा रहे इस नए संयंत्र में ₹272 करोड़ का निवेश किया जा रहा है। प्रारंभिक चरण में यहाँ प्रतिवर्ष 6,500 निर्माण उपकरणों (मुख्य रूप से एक्सकेवेटर) का उत्पादन होगा, जिससे आयात पर निर्भरता कम होगी और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। बता दें कि लियुगोंग वर्ष 2008 से पीथमपुर में कार्यरत है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में यह विस्तार मध्यप्रदेश को देश का प्रमुख औद्योगिक निवेश और विनिर्माण केंद्र बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

## एमएसएमई रिपोर्ट

आपातकालीन ऋण गारंटी योजना के पाचवें चरण के अंर्तगत चार लाख से अधिक गारंटियां जारी की जा चुकी हैं और गारंटीकृत राशि एक लाख पचपन हजार करोड़ रुपये से अधिक हो गई है। हमारी संवाददाता ने बताया है कि इस वर्ष मई में शुरू की गई इस योजना

से सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम एमएसएमई सबसे अधिक लाभान्वित हुए हैं।

**रिपोर्ट– जया भारती**

## सब–इंस्पेक्टर और सूबेदार

प्रदेश पुलिस में सब–इंस्पेक्टर (एसआई) और सूबेदार के पदों पर भर्ती का इंतजार खत्म हो गया है। विभाग द्वारा कुल 500 पदों के लिए नोटिफिकेशन जारी किया गया था, जिसमें से योग्यता के आधार पर 436 उम्मीदवारों को अंतिम रूप से चुन लिया गया है। इस प्रतिष्ठित परीक्षा में संजय परमार ने टॉप कर पहला स्थान हासिल किया है। इस बड़ी कामयाबी और भर्ती प्रक्रिया के पूरा होने पर डीजीपी कैलाश मकवाना ने गहरी खुशी जताई। उन्होंने सिलेक्ट हुए सभी अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए कल के दिन को विभाग के लिए श्असीम संतुष्टि का दिनश करार दिया। डीजीपी कैलाश मकवाना के अनुसार, पूरे 8 वर्ष बाद मध्य प्रदेश में सब–इंस्पेक्टरों की यह बड़ी भर्ती हुई है।

## प्रदेश मौसम

प्रदेष में मानसूनी बारिष का सिलसिला चल रहा है। कई जगहों पर खूब पानी बरस रहा है तो कुछ स्थानों में पानी की कमी बनी हुई है। पिछले 24 घंटों में भोपाल, नर्मदापुरम, उज्जैन, जबलपुर और सागर सहित अधिकांश संभागों में झमाझम बारिश दर्ज की गई है। झाबुआ जिले में मानसून की सक्रियता से झमाझम बारिश का दौर जारी है,

जिससे किसानों के चेहरे खिल गए हैं। इधर मंडला जिले में'' लगातार हो रही बारिश को देखते हुए कलेक्टर राहुल धोटे ने नर्मदा घाटों और शहर के जलभराव वाले इलाकों का औचक निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने के निर्देश दिए हैं। खंडवा जिले में कलेक्ट्रेट परिसर में 24 घंटे सक्रिय रहने वाला जिला स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है, जिसका हेल्पलाइन नंबर शून्य–सात–तीन–तीन, दो–दो–दो–चार–एक–तीन–पांच जारी किया गया है। वहीं गुना जिले में 1 जून से कल तक कुल 232.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। आज बड़वानी, धार, गुना, सागर, विदिशा, रायसेन, सीहोर, राजगढ़ सहित कुछ जिलों में अति भारी बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी करके नागरिकों को सतर्क रहने को कहा है।

**टी–20 क्रिकेट–नतीजा**

कल रात नॉटिंघम के ट्रेंट ब्रिज में खेले गए तीसरे टी–20 अंतरराष्ट्रीय मैच में इंग्लैंड ने भारत को 125 रनों से हरा दिया है। बता दें कि शनिवार को मैनचेस्टर में खेले गए दूसरे टी 20 मैच में इंग्लैंड ने भारत को 4 विकेट से हराया था। दोनों टीमों के बीच पहला टी 20 मैच बारिश की वजह से बिना किसी नतीजे के खत्म हुआ था। सीरीज के आखिरी दो मैच ब्रिस्टल और साउथेम्प्टन में खेले जाएंगे। इसके बाद, भारत तीन मैचों की वनडे सीरीज में इंग्लैंड का सामना करेगा।

**अब कुछ समाचार संक्षेप में...**

1. रायसेन जिले में आधुनिक सुविधाओं से लैस सांची के नवनिर्मित रेलवे स्टेशन का 11 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भव्य उद्घाटन करेंगे।

2. खंडवा जिले में सेफ क्लिक 2.0 अभियान के तहत मैराथन और साइबर रन का आयोजन कर नागरिकों को ऑनलाइन धोखाधड़ी और सुरक्षा ऐप के प्रति जागरूक किया गया।

3. आगरमालवा जिले में आगामी सिंहस्थ महापर्व को देखते हुए कलेक्टर ने उद्यानिकी विभाग को अधिक से अधिक किसानों को फूलों की खेती के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए।

4. डिंडौरी जिले में युवाओं और नए उद्यमियों को बढ़ावा देने के लिए आज एक दिवसीय तेजस कार्यशाला का आयोजन कर स्टार्टअप इकोसिस्टम और फंडिंग पर मार्गदर्शन दिया जाएगा।

5. इंदौर जिले में आयोजित भव्य रोजगार मेले में 12 प्रतिष्ठित निजी कंपनियों द्वारा 300 युवाओं को विभिन्न पदों पर नौकरी के लिए चयनित कर रोजगार का तोहफा दिया।

6. मंडला जिले में एमएसएमई उद्यमियों की क्षमता बढ़ाने के लिए दो दिवसीय कंपोजिट वर्कशॉप का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें सरकारी योजनाओं और डिजिटल कॉमर्स पर लाइव सेवाएं मिलेंगी।

**7.** भोपाल जिले में नगर निगम ने जिला प्रशासन के सहयोग से बड़ी कार्रवाई करते हुए शहर के विभिन्न क्षेत्रों से अवैध अतिक्रमण हटाए और 5 जर्जर मकानों को जमींदोज किया।

**8.** सिंगरौली जिले में बलिया नाला में कोयला युक्त दूषित पानी बहाने पर कलेक्टर के निर्देश पर बड़ी कार्रवाई करते हुए खदान प्रबंधन पर 63 लाख का जुर्माना लगाया गया।

**9.** गुना जिले में समर्थन मूल्य पर ग्रीष्मकालीन मूंग और उड़द खरीदी के लिए चार उपार्जन केंद्र बनाए गए हैं, जहां नोडल अधिकारियों की निगरानी में पारदर्शी व्यवस्था रहेगी।

---